SEM-4 | समाजशास्त्र MJC-6

Date:- 30/10/25

Topic:- समुदाय और ग्रामीण समुदाय: अर्थ, परिभाषा

→ समुदाय या "Community" शब्द लैटिन शब्द "Com" अर्थात् साथ-साथ और "Munis" (अर्थात् सेवा करना) से मिलकर बना है। अतः Community का अर्थ हुआ- "साथ-साथ मिलकर सेवा करने वाले लोग।" सामान्य अर्थों में, समुदाय ऐसे व्यक्तियों का समूह है, जो एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र में रहते हैं और समान सामाजिक जीवन जीते हैं। वे एक-दूसरे की आवश्यकताओं की पूर्ती के लिए परस्पर निर्भर रहते हैं।

→ इसी प्रकार ग्रामीण समुदाय उन लोगों का समूह है, जो गाँव या देहात में रहते हैं और मुख्यतः कृषि तथा पारंपरिक कार्यों के द्वारा अपना जीवन यापन करते हैं। यह समुदाय प्रकृति के समीप रहता है और इसमें सामाजिक संबन्ध अधिक घनिष्ठ और परस्पर सहयोगपूर्ण होते हैं।

→ समुदाय की परिभाषा:-

1. ऑगबर्न और निमकॉफ के "एक सीमित क्षेत्र में सामाजिक जीवन के संपूर्ण संगठन को समुदाय कहा जाता है।"
2. ग्रीन के अनुसार- "समुदाय ऐसे व्यक्तियों का समूह है जो एक ही भौगोलिक क्षेत्र में रहते हुए समान सामाजिक जीवन का अनुभव करते हैं।"
3. मोजर के अनुसार "वह समाज जो एक निश्चित क्षेत्र में रहता है, समुदाय कहलाता है।"

→ ग्रामीण समुदाय की परिभाषा:-

ए० आर० देसाई (A.R Desai) के अनुसार- "ग्रामीण समुदाय ग्रामीण समाज की एक ईकाई है। यह ग्रामीण जीवन के रंगमंच के समान है, जहाँ ग्रामीण जीवन पूर्णतः होता है।"

→ बोगार्डस के अनुसार- "ग्रामीण समुदाय प्राथमिक समूहों का ही एक विस्तृत रूप है।"

→ फेयर चाइल्ड के अनुसार- "ग्रामीण समुदाय अपेक्षाकृत विस्तृत क्षेत्र है जिसमें आमने-सामने के संबन्ध पाये जाते हैं। जिसमें सामुहिक जीवन के लिए

Scanned with CamScanner